एक नजर में

नशा परिवार की जड़ से समाप्त कर देता है

उज्जैन। समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 15 दिवसीय कार्यक्रम का समापन 26 जून को ग्राम नवाखेड़ा में जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ हुआ। अध्यक्षता करते हुए कुलगुरू अर्पण भारद्वाज ने कहा कि हम जिस समाज के बीच में चर्चा करते हैं। उनको स्थानीय भाषा में समझाते हैं तो उसका ज्यादा प्रभाव पड़ता है और उन्होंने मालवीय भाषा में गांव वालों को संबोधित किया। नशा परिवार की जड़ से समाप्त कर देता है। बच्चों की शिक्षा, पारिवारिक जिम्मेदारी सभी में बाधा उत्पन्न करता है अत: हमें समझना होगा की हम इससे दूर रहकर परिवार को सशक्त बनाए। ग्राम नवाखेड़ा के सरपंच नरेंद्रसिंह तोमर ने कहा हमारा प्रयास जारी है कि गांववालों को नशा से छुटकारा दिलाए। इसके लिए हम छोटे-छोटे प्रयास करते हैं। बच्चों के जन्मदिन पर पौधे लगाना, बेटी के जन्म दिवस पर 1 हजार रूपये एवं पौधा देना, ताकि गांववालों को अच्छा सामाजिक वातावरण मिल सके। डॉ. ज्योति उपाध्याय अध्यक्ष समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने 15 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रथम चरण में अध्ययनशाला सेमिनार का आयोजन किया गया। नशा मुक्त समाज हेतु बैनर एवं पोस्टर के साथ रैली, सामाजिक न्याय विभाग के साथ मिलकर विभिन्न अध्ययनशाला एवं महाविद्यालय के साथ मिलकर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, 1 मिनिट की रील से सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उसी तारतम्य में 26 जून को नवाखेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम एवं महिलाओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें महिलाओं ने कलाली दुकान को गांव से बाहर, सामुदायिक पुलिस का गांव में दौरा एवं नशा करने वालों को शासकीय योजनाओं से वंचित करने जैसे सुझाव दिये। डॉ. मनीषा चौरे ने संचालन एवं रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. उत्तम मीणा ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव प्रीतम धाकड़, मनीषा पाठक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सूरजबाई, प्रेम गेहलोत ग्रहणी, पुष्पा गायकवाड़ शिक्षिका शामावि, रेखा मालवीय, शासकीय मा, विद्यालय रेडक्रास सोसायटी से पूजा चौहान शामिल हुई। कपिल रंगडाले, प्रवीण चौहान, रोहित देवड़ा, संगीता चौहान, आयुष चौहान, तनिष्क चौरसिया, निखिल पीएचडी शोधार्थी, 20 समाज कार्य के विद्यार्थियों एवं ग्राम नवाखेड़ा के 30 महिला एवं पुरूषों ने सहभागिता की।

एमआईटी ग्रुप में कैंपस ड्राइव का आयोजन

उज्जैन। एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, उज्जैन शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समर्पित है। हाल ही में, जस्ट डायल लिमिटेड, जो एक प्रमुख स्थानीय खोज इंजन कंपनी है, ने एमआईटी परिसर में चौबीस जून दो हजार पच्चीस को अपना कैंपस ड्राइव आयोजित किया। इस ड्राइव में बीटेक सभी शाखाओं, बीबीए तथा एमबीए के वर्ष दो हजार पच्चीस के छात्रों के लिए फील्ड बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव तथा टेली मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव पद पर चयन किया गया। इस प्रक्रिया में एमआईटी के छह प्रतिभाशाली छात्रों का चयन हुआ। बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस शाखा से संजय शर्मा और शिवांश पाठक, बीटेक सूचना प्रौद्योगिकी शाखा से लकी राठौर, बीटेक यांत्रिक अभियांत्रिकी शाखा से हर्ष जगदेव, तथा बीटेक कंप्यूटर विज्ञान शाखा से आयुष सिंह भदौरिया और गौरव सिंह बैस का जस्ट डायल कंपनी में चयन हुआ। डॉ. मुकेश शुक्ला, निदेशक, एमआईटी ने कहा हमारे छात्रों का चयन जस्ट डायल जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में होना हमारी शिक्षा पद्धति की सफलता को दर्शाता है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। वाइस चेयरमैन आकाश वशिष्ठ ने कहा एमआईटी का लक्ष्य छात्रों को उद्योग के अनुरूप प्रशिक्षण देना है। यह प्लेसमेंट हमारे प्रयासों का सुखद परिणाम है। चयनित छात्रों को एमआईटी परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

लय और लक्ष्य शर्मा का किया सम्मान

उज्जैन। सेंट्रल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और रजत पदक प्राप्त करने तथा मंदसौर में होने वाली फूल कांटेक्ट कराटे चैंपियनशिप में चयनित होने पर सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल में लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा सम्मानित हुए। सेंट पॉल स्कूल की प्राचार्य सिस्टर विनीता द्वारा सभी बच्चों के सम्मुख लय शर्मा और लक्ष्य शर्मा को सेंट्रल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक और रजत पदक प्राप्त करने पर साथ ही मंदसौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय फूल कांटेक्ट कराटे चैंपियनशिप में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर सेंट पॉल स्कूल के मैनेजर फादर जेकब, समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कोच ज्वलंत शर्मा के सुपुत्र लय शर्मा, लक्ष्य शर्मा ने इससे पहले भी कई राष्ट्र स्तरीय और अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उज्जैन को गोरवांवित किया है।

अस्पताल शीघ्र ही नवीन भवन में आरंभ होगा

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि बड़नगर मे नवनिर्मित सिविल अस्पताल का निर्माण 15 करोड़ की लागत से किया जा चूका है। फारलेन से अस्पताल में पहुंचने हेतु 700 मीटर के रोड़ के निर्माण किये जाने हेतु स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात टेण्डर भी किया जा चुका है। रोड़ निर्माण वाली एजेंसी द्वारा अवगत कराया गया कि, अविलम्ब रोड़ निर्माण कर कार्य प्रारंभ किया जायेंगा। रोड निर्माण के पश्चात सिविल अस्पताल बड़नगर का संचालन नव निर्मित नवीन भवन में आरंभ किया जायेगा।

भाजपा की लोकशक्ति पर बैठक संपन्न

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा भाजपा कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार भाजपा द्वारा नगर के सभी 54 वार्डों में आयुष्मान कार्ड हेतु शिविर लगना व वार्डों में पौधारोपण कार्यक्रम करना है। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल पूरा होने पर भाजपा द्वारा प्रत्येक वार्ड में पार्षदों के सहयोग से आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया किया जा रहा है। बैठक में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, नगर उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, मुकेश यादव सहित पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री उपस्थित थे।

शहनाई गार्डन की जमीन बाले-बाले बेचने पहुंच गया किसान, स्लॉट भी हो गया बुक

उप पंजीयक प्रज्ञा शर्मा ने पकड़ा फर्जीवाड़ा, विकास प्राधिकरण में मचा हड़कंप, यूडीए ने उक्त उद्यान पहले से लीज पर दे रखा है

उज्जैन। भरतपुरी स्थित विकास प्राधिकरण में उसे वक्त हड़कंप मच गया ,जब अधिकारियों को पता चला कि कोई किसान बाले बाले शहनाई गार्डन को बेचने के लिए रजिस्ट्री कराने पहुंच गया है, स्लॉट भी बुक हो गया था उपपंजीयक प्रज्ञा शर्मा ने तत्काल सतर्कता बरती और फर्जीवाड़ा पकड़ा।

नवभारत से चर्चा में विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि हमें भी पता चला है कि विकास प्राधिकरण के आधिपत्य वाले शहनाई गार्डन की कोई व्यक्ति रजिस्ट्री करने के लिए पहुंच गया, जबकि शहनाई गार्डन हमने पहले से ही लीज पर दे रखा है अभी मेरे पास शिकायत पहुंची है जिसका अध्ययन हम कर रहे हैं। शुक्रवार को पंजीयन कार्यालय पर रजिस्ट्री करने का दौर चल रहा था, तभी एक किसान एक ग्राहक और दो वकीलों के साथ में पहुंचा और दस्तावेज प्रस्तुत किए। उपपंजीयक से चर्चा की और कहा कि आप हमारी रजिस्ट्री कर दीजिए। इस पर उपपंजीयक प्रज्ञा शर्मा का माथा ठनका तो उन्होंने विकास प्राधिकरण की एनओसी मांगी। जिसे किसान और वकीलों ने देने में असमर्थता जताई तभी यह फर्जीवाड़ का मामला पकड़ में आया। मध्य प्रदेश सरकार ने बहुत अच्छा नियम निकाला है कि आप यदि अपनी संपत्तियों की रजिस्ट्री कराते हैं तो अगले ही दिन में नामांतरण भी करा लेवे। कहीं ना कहीं विकास प्राधिकरण ने पुराना मामला होने के चलते नामांतरण नहीं कराया है। यही कारण है कि किसान ने ताजा खसरा निकाला और उस पर चूंकि नामांतरण नहीं होने की दशा में किसान का ही नाम था, ऐसे में उक्त दस्तावेज लेकर किसान खरीददार को लेकर रजिस्ट्री करने के लिए पहुंच गया ,जबकि उक्त शहनाई गार्डन की जमीन वर्षों पहले विकास प्राधिकरण को मिल चुकी है।

भोजन शाला का निरीक्षण किया गया

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि 27 जून 2025 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित नाकारात्मक समाचार के संबंध में यथा स्थिति जानने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल व डॉ. संगीता पलसानिया, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा 28 जून को चरक भवन, जिला चिकित्सालय उज्जैन की भोजन शाला का निरीक्षण किया गया एवं मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जाने वाले भोजन एवं नाश्ते का अवलोकन किया गया। प्रसुताओं को प्रदान किये जाने वाले लड्डू गुणवत्तापूर्ण नही पाये गये, जिस पर गुणवत्तापूर्ण लड्डू का निर्माण करने एवं भविष्य में भी इसका ध्यान रखने हेतु निर्देश दिये गये। भोजन शाला मे गुड़ भी खुले में रखा पाया गया। जिसको उचित तरीके से रखने हेतु निर्देश दिये गये। दूध भी खुला रखा पाया गया जिसको ढंक कर रखने एवं सांची कंपनी का दूध का वितरित करने हेतु निर्देश दिये गये। अस्पताल में भर्ती मरीजों व गर्भवती महिलाओं को समय पर निर्धारित डाईट प्रदान करने एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन निर्माण करने हेतु एवं श्री भगवान सिंह को डाईट प्रतिदिन चैक करने हेतु निर्देश दिये गये। भोजन निर्माण मे स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखने एवं भोजन व नाश्ता प्राप्त करने मे मरीज व गर्भवती महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये साथ ही शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल व डाईट चार्ट अनुसार प्रत्येक मरीज व गर्भवती महिलाओं को डाईट उपलब्ध करवाई जाना सुनिश्चित करे। भोजन शाला के संचालन अथवा डाईट निर्माण व वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो कार्यवाही किये जाने हेतु हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान डॉ. अशोक कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. संगीता पलसानिया, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सहित चिकित्सालय के संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

डीजीपी ने झोन के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, भगवान महाकाल के किए दर्शन

उज्जैन। मध्यप्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना शनिवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होने सबसे पहले महाकाल मंदिर पहुंचकर दर्शन किये। इस दौरान उनकी पत्नी साथ थी। दोपहर में जोन के पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और पुलिस कंट्रोलरूम पर पौधारोपण किया। डीजीपी के उज्जैन आगमन की खबर मिलते ही पूरा पुलिस महकमा उनकी अगवानी के लिये तैयार था। उनके उज्जैन पहुंचते ही आईजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा ने उनकी अगवानी की। डीजीपी मकवाना सबसे पहले महाकाल मंदिर पहुंचे। जहां उन्होने बाबा का आशीर्वाद लिया। उनकी पत्नी भी साथ थी। डीजीपी के महाकाल मंदिर पहुंचने पर आईजी, एसपी भी मंदिर पहुंचे थे। डीजीपी ने नंदी हाल से बाबा के दर्शन किये। उसके बाद सीधे पुलिस कंट्रोलरूम पहुंचे। जहां उन्होने जोन के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान अपराधों पर अंकुश बनाये रखने के निर्देश दिये। करीब 2 घंटे चली समीक्षा बैठक के बाद उन्होने पुलिस कंट्रोलरूम परिसर में पौधा रोपण किया और मीडिया से चर्चा में बताया कि जल्द ही पुलिस विभाग में 8500 पदो पर भर्ती की जायेगी। पुलिस ने नक्सली फ्रंट पर भी बेहतर काम किया है। प्रदेश में कई बडे नक्सली मारे गये है। प्रदेश में बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर उन्होने कहा कि इसकी वजह मोबाइल, इंटरनेट पर परोसी जा रही अश्लीलता है। बच्चों पर माता-पिता का होल्ड नहीं रहा है।

ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

उज्जैन। ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले 3 बदमाशों को आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से 13 मोबाइल मिले है। तीनों काफी समय से लम्बी दूरी की ट्रेनों में वारदात को अंजाम दे रहे थे।

नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन में 2 दिन पहले आरपीएफ टीम सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर सर्चिंग कर रही थी। उसी दौरान ट्रेन में सवार एक संदेही युवक दिखाई दिया। जो आरपीएफ जवानों को देख भागने का प्रयास करने लगा। उसे चलती ट्रेन में पकड़ा गया और थाने लाया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अजय उर्फ बारिक पिता रूपसिंह चौहान 35 साल निवासी बड़ी चुरलाई थाना बरोठ जिला देवास होना बताया। उसके पास से कुछ मोबाइल मिले, जो चोरी के होना सामने आये हैं। आरपीएफ निरीक्षक योगेन्द्र पटेल ने मामला चोरी का सामने आने पर आरोपित युवक को जीआरपी थाना प्रभारी सोहनलाल पाटीदार के सुपुर्द किया। जीआरपी की टीम ने सख्ती से पूछताछ शुरू की तो अजय ने 5 मोबाइल ट्रेनों से चोरी करना बताया। वहीं पूछताछ में उसके 2 साथियों की जानकारी सामने आई। जीआरपी की टीम ने आरपीएफ टीम के साथ दोनों की तलाश शुरू की और प्लेटफार्म नम्बर 1 के बाहर पानी की टंकी के पास से दोनों को हिरासत में लिया। जिनके नाम अनिल पिता सुल्तानसिंह यादव 19 साल निवासी ग्राम गोहड़ी थाना सिरोंज जिला विदिशा और सुनील पिता अशोक हाटगले 25 साल निवासी शेवालवाड़ी पचोरा महाराष्ट्र होना सामने आये। दोनों की निशानदेही पर ट्रेनों और प्लेटफार्म से चोरी किये गये 8 मोबाइल बरामद किये गये। जीआरपी थाना प्रभारी सोहनलाल पाटीदार ने बताया कि बरामद 13 मोबाइल की कीमत 1.43 लाख रूपये होना सामने आई है। कुछ मोबाइल उज्जैन स्टेशन से चोरी किये गये थे। कुछ अलग-अलग चलती ट्रेनों से चोरी किये जाना सामने आये हैं। मोबाइल धारकों का पता लगाया जा रहा है। बरामद मोबाइल में 5 रियलमी, 3 वीवो, 1 नार्जो, 1 वन प्लस, 1 ओप्पो और 2 रेडमी कंपनी के है।

युवक पर अज्ञात 2 बदमाशों ने उस्तरे से किया हमला

उज्जैन। मजदूरी कर फुटपाथ पर रहने वाले युवक को शनिवार सुबह दो अज्ञात बदमाशों ने उस्तरे से हमला कर घायल कर दिया। घायल को लहूलुहान हालत में लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। ढांचा भवन में रहने वाला महेश पिता देवीलाल ठाकुर 30 साल काफी समय से फुटपाथ पर रहकर शहर में मजदूरी कर अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। सुबह वह चामुंडा माता चौराहा मंदिर के पास फुटपाथ पर बैठा हुआ था इस दौरान दो अज्ञात बदमाश उसके पास आए और बिना कुछ कहे उस्तरे से हमला कर दिया। महेश का गला हाथ और चेहरा लहूलुहान हो गए। हमला करने वाले मौके से भाग निकले। घायल को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया मामले की जानकारी लगने पर पुलिस पहुंच गई थी। हमला करने वालों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे जाएंगे।

नाबालिग को वीडियो वायरल करने की दे रहा था धमकी

हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने दो मुस्लिम युवकों को पकड़ा

उज्जैन। हिंदू समाज की नाबालिक को प्रेम जाल में पता कर उसका वीडियो बनाने के बाद वायरल करने की धमकी दे रहे युवक और उसके साथी को हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। दोनों युवकों की जमकर पिटाई की गई बाद में पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि शहर में रहने वाली नाबालिक को मुस्लिम युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसका वीडियो बना दिया था। जिसे वायरल करने की धमकी देकर वह दोस्त के रूम पर बुला रहा था। नाबालिग उसकी हरकतों से परेशान हो चुकी थी उसने हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने योजना बनाकर नाबालिग की मदद से केडी गेट पर रहने वाले जाफर नामक युवक को प्रेम छाया परिसर के पास मिलने बुलाया। दोपहर में जाफर अपने दोस्त मुर्दूशाह निवासी लोहे का पुल के साथ पहुंच गया। हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई की। जाफर के मोबाइल में नाबालिग को धमकी देने के कई मैसेज भी होना सामने आए। मुस्लिम युवकों के पकड़ाने लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। बजरंग दल के कार्यकर्ता ऋषभ ने बताया कि दोनों युवकों को देवास गेट थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। मामले में थाना प्रभारी अनिला पाराशर का कहना था कि मामले की जांच की जा रही है नाबालिग के बयान दर्ज किए जाएंगे। विदित हो कि इस प्रकार की घटनाएं प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। हालांकि पुलिस कार्रवाई भी हो रही है।

वायर का फंदा बनाकर पेंटर ने लगाई फांसी

उज्जैन। शनिवार सुबह पेंटर का काम करने वाले युवक ने इलेक्ट्रिक वायर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बड़े पापा का लड़का कमरे में पहुंचा तो उसने फंदे पर लटका देखा। परिजनों ने बड़े भाई पर आरोप लगाते हुए प्रताड़ित करने की बात कही है। माधव नगर थाना क्षेत्र के किशनपुरा में रहने वाला धर्मेंद्र पिता कैलाश लकी 38 वर्ष पेंटर का काम करता था। उसकी मां बीमार है साथ में बड़ा भाई जितेंद्र भी रहता है। समीप बड़े पापा का मकान भी बना हुआ है। सुबह धर्मेंद्र ने नींद से जागने के बाद घर का कामकाज किया और पानी भरा। धर्मेंद्र की शादी नहीं हुई थी जिसके चलते वह घर का काम करता था। काम पूरा करने के बाद नल आने पर उसने पानी भरा और उपरी मंजिल पर बने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद बड़े पापा का लड़का पवन बाइक की चाबी लेने के लिए धर्मेंद्र के कमरे में पहुंचा तो उसने इलेक्ट्रिक वायर के फंदे पर धर्मेंद्र को लटका हुआ देखा। परिजनों को सूचना दी गई और नीचे उतारा गया। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस ने मर्ग कायम किया और घटनास्थल पहुंचकर कमरा सील कर दिया। अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया इस दौरान परिजनों और जीजा सोनू ने बताया कि धर्मेंद्र अपने बड़े भाई जितेंद्र की वजह से परेशान रहता था जितेंद्र उसके साथ मारपीट करता था। 22 जून को जितेंद्र ने मां के साथ भी मारपीट की थी जिसका मामला माधव नगर थाने पहुंचा था और पुलिस ने जितेंद्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। परिजनों का आरोप था कि जितेंद्र की वजह से ही आत्महत्या की है पुलिस के अनुसार जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि धर्मेंद्र ने फांसी क्यों लगाई है।

शाही मस्जिद पर फेंकी चप्पल वीडियो हुआ वायरल

मुस्लिम समाज के लोगों ने थाना घेरा, अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज

उज्जैन। पूरे देशभर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की यात्रा धूमधाम से निकल गई। धार्मिक नगरी उज्जैन में भी दो रथ यात्रा का आयोजन किया गया था। जिसमें इस्कॉन के साथ ही खाती समाज की भव्य जगन्नाथ यात्रा नगर में निकाली गई। लेकिन खाती समाज द्वारा निकाली गई जगन्नाथ यात्रा के दौरान छत्री चौक का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें यात्रा में शामिल कुछ लोग छत्री चौक स्थित शाही मस्जिद पर जूते चप्पल फेंकते दिखाई दे रहे हैं।

खाती समाज द्वारा पुराने शहर मे निकाली गई भगवान जगन्नाथ की यात्रा के दौरान छत्रीचौक स्थित शाही मस्जिद पर कुछ लोगों ने चप्पल और जूते फेंके गए। इस घटना का वीडियो वायरल होते ही मुस्लिम समाज ने आक्रोश जताया और तुरंत खाराकुआं थाने पहुंचे जहां पर वीडियो के माध्यम से दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई। बड़ी संख्या में समाज विशेष के लोगों के पहुंचने पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

खाराकुआं थाना प्रभारी राजकुमार मालवीय ने बताया कि इस मामले में अबरार अहमद निवासी मोचीवाड़ा की शिकायत पर 91/ 25 धारा 299 बीएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। आपने बताया कि वायरल हो रहे वीडियो के साथ ही क्षेत्र में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जाएंगे और उसके माध्यम से आरोपियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही जरूर की जाएगी।

हादसे की आहट गत 22 जून को मंदिर के अंदर भी हो चुकी घटना, बारिश के मौसम में गिर रही

मंदिर के बाद अब महाकाल लोक में पीओपी की छत गिरी

नवभारत न्यूज

उज्जैन। उज्जैन के महाकाल मंदिर के महालोक में भी पीओपी की छत गिरने की घटना सामने आई है। 6 दिन के अंदर ये दूसरी घटना है। हालांकि इसमें काई घायल नहीं हुआ है।

बताया जाता है कि महालोक के शापिंग कांप्लेक्स में यह घटना हुई है। इसके पहले 22 जून 2025 को महाकाल मंदिर के अंदर टनल की पीओपी छत गिर गई थी इसके बाद अब देर रात फिर छत गिरी। शुक्रवार को मंदिर से जुड़े सुरक्षाकर्मी, कर्मचारी वहां पहुंचे तो घटना की जानकारी लगी। शापिंग कांप्लेक्स के बरामदे में दिन के वक्त काफी संख्या में दर्शनार्थी धूप-बारिश से बचने के लिये मौजूद रहते हैं। शुक्र है घटना देर रात में हुई, उस वक्त वहां कोई नहीं था। अगर यही हादसा दिन में होता तो लोग इसकी चपेट में आते। कांप्लेक्स में बारिश होते ही अंदर पानी टपकने लगता है। इसी कारण पीओपी गिरी है। महाकाल लोक का कांप्लेक्स शहर का सबसे महंगा कांप्लेक्स है। महंगा होने के कारण अधिकतर दुकानें अभी शुरू भी नहीं हो पाई है। इतने महंगे कांप्लेक्स के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता अब सामने आने लगी है। महाकाल मंदिर समिति के अधिकारी इस संबंध में फिलहाल कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। क्योंकि अब उन्हें भी सामने दिख रहा है कि अब तक हुए निर्माण में कहीं नहीं कहीं कमी जरूर है। इसलिए इतने कम समय में ही टनल व फेसेलिटी सेंटर की पीओपी पानी से गलकर गिर रही है। हालांकि निर्माण कार्यों की जांच चल रही है। कुछ दिन बाद इसमें रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।

प्रभु प्रेमी संघ परिवार आज करेगा सत्संग

उज्जैन। स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज की संस्था प्रभु प्रेमी संघ परिवार के अनुयायियों द्वारा आज 29 जून रविवार शाम 4:30 बजे श्री राम जानकी मंदिर महाश्वेता नगर मेन रोड पर शहनाई गार्डन के सामने सत्संग किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि सत्संग में पादुका पूजन, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, गुरु मंत्र का जाप श्री हनुमान चालीसा भजन एवं आरती उपरांत प्रसादी वितरण की जायेगी।

स्थापना दिवस पर आज रक्तदान

उज्जैन। देश की बहादुर जनजाति गाडोलिया लोहार समुदाय जिन्होंने महाराणा प्रताप के साथ चितौड़ इस वचन के साथ छोड़ा था कि जब तक चितौड़ पर पुन: महाराणा प्रताप के या उनके वंशज का शासन नहीं होगा वह पुन: चितौड़ नहीं लौटेंगे और इसके कारण आज तक कट्टर सनातनी घुमक्कड़ जीवन बिता रहे हैं, उनके सम्मान में भारत रक्षा मंच के स्थापना दिवस के अवसर पर आज किया जा रहा है साथ ही थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए रक्तदान का कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन इकाई द्वारा आयोजित किया जाएगा। दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता 1008 महामंडलेश्वर स्वामी शैलेषानंद गिरि महाराज देश सनातन के लिए जनजाति संघर्ष पर अपना उद्बोधन देंगे। मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव एवं महापौर मुकेश टटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल रहेंगे। कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आनंद मंगल परिसर उद्यान मार्ग पर आयोजित किया गया है।